**समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित परीक्षा पूर्व कोचिंग केन्द्रों में माह अगस्त 2019 से संचालित किये जाने वाले सिविल सर्विसेज प्रारम्भिक परीक्षा-2020 के कोचिंग सत्र में प्रवेश हेतु**

**सूचना/निर्देश।**

समाज कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के निर्धन वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी हेतु निम्न परीक्षा पूर्व निःशुल्क प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किये जाते हैं, जिनमें अभ्यर्थियों के लिये निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ-साथ मेस, छात्रावास एवं पुस्तकालय की भी व्यवस्था उपलब्ध है।

1- छत्रपति शाहूजी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, भागीदारी भवन, लखनऊ।- 250 सीट
2- आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र अलीगंज लखनऊ (केवल महिलाओं हेतु)।- 150 सीट
3- आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 कोचिंग सेन्टर, निजामपुर, हापुड़। (पुरुष-120। महिला-80)- 200 सीट
4- संत रविदास आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 कोचिंग सेन्टर, वाराणसी।- 200 सीट
5- डा0बी0आर0 अम्बेडकर आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, आगरा।- 200 सीट
6- डा0बी0आर0 अम्बेडकर आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, अलीगढ़।- 200 सीट
7- न्यायिक सेवा परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज। - 50 सीट

उपरोक्त कोचिंग केन्द्रों में माह अगस्त 2019 से सिविल सर्विसेज प्रारम्भिक परीक्षा 2020 की तैयारी हेतु कोचिंग सत्र संचालित किये जाने हैं। कोचिंग सत्रों में प्रवेश हेतु आवेदन करने के लिये सामान्य दिशा-निर्देश निम्नवत् हैः-

**(1) प्रशिक्षण की अवधि-** प्रशिक्षण (कोचिंग) की सामान्य अवधि 05 माह अथवा परीक्षा की तिथि, जो पूर्व हो, निर्धारित है। कोचिंग सत्र माह अगस्त 2019 से प्रारम्भ होना प्रस्तावित है।

**(2) अर्हता-**

**(अ)** कोचिंग में प्रवेश हेतु शैक्षिक, आयु संबंधी एवं अन्य आवश्यक अर्हतायें संबंधित परीक्षा के लिये लोक सेवा आयोग द्वारा निर्धारित अर्हतायें पूर्ण करना आवश्यक होगा।

**(ब)** उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी को निम्न अर्हतायें एवं शर्तें पूर्ण करना आवश्यक होगा-

क- उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो।

ख- अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग का हो।

ग- अभ्यर्थी के माता-पिता/अभिभावक की वार्षिक आय रु0 छः लाख वार्षिक से अधिक न हो।

घ- उपरोक्त समस्त केन्द्र आवासीय संस्था के रुप में संचालित है। अतः अभ्यर्थी किसी अन्य शैक्षिक संस्थान में अध्ययनरत अथवा कहीं पर सेवारत न हो।

च- पूर्व में विभाग के किसी कोचिंग केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त न किया हो।

छ- स्नातक उत्तीर्ण हो।

**नोट-** अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों को कोचिंग की सुविधा केवल छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ तथा आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, अलीगंज, लखनऊ में ही है।

**नोट-** महिला अभ्यर्थियों को कोचिंग की सुविधा केवल आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र, अलीगंज, लखनऊ तथा आई0ए0एस0/पी0सी0एस0 कोचिंग केन्द्र हापुड़ में ही उपलब्ध है।

(3) **प्रवेश का आधार-** उपरोक्त कोचिंग केन्द्र में प्रवेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर दिया जायेगा।

(4) परीक्षा कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन | - | 27 मई 2019 |
| अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पत्र आनलाइन भरे जाने हेतु निर्धारित अवधि। | - | 27 मई 2019 से 26 जून 2019 तक |
| आनलाइन प्रवेश-पत्र डाउनलोड किये जाने की तिथि | - | 10 जुलाई 2019 |
| प्रवेश परीक्षा की तिथि | - | 21 जुलाई 2019 |

नोट- प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये किसी प्रकार का भत्ता/यात्रा व्यय देय नही होगा।

पत्रसं० 20·

(5) **आवेदन पत्र प्रस्तुत करने का माध्यम-** सिविल सर्विसेज प्रारम्भिक परीक्षा-2020 के पूर्व कोचिंग सत्र में प्रवेश हेतु उपरोक्त पात्रता एवं शर्तें पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी दिनांक 26-06-2019 तक विभागीय वेबसाइट (www.socialwelfareup.upsdc.gov.in) पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। संयुक्त प्रवेश परीक्षा दिनांक 21 जुलाई 2019 को उपरोक्त जनपदों में होगी।

(6) **प्रवेश पत्र का प्रेषण-** अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र दिनांक 10 जुलाई 2019 को वेबसाइट (www.socialwelfareup.upsdc.gov.in) पर अपलोड कर दिये जायेगें, जिन्हें अभ्यर्थी स्वयं डाउनलोड करेंगे। इस डाउनलोड प्रवेश पत्र के साथ ही अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलति हो सकेगें। अभ्यर्थी को पृथक से प्रवेश पत्र नही भेजे जायेंगे। प्रवेश पत्र में उल्लिखित परीक्षा केन्द्र पर ही अभ्यर्थी को परीक्षा देनी होगी। किसी भी अभ्यर्थी को निर्धारित परीक्षा केन्द्र से इतर परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा देने की अनुमति नही दी जायेगी।

(7) प्रश्नपत्र का पाठ्यक्रम

प्रश्नपत्र में पूछे जाने वाले प्रश्न संबंधित परीक्षा के लिये आयोग द्वारा निर्धारित नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित होंगे।

(8) प्रवेश परीक्षा की अवधि एवं स्वरुप

प्रवेश परीक्षा दो घण्टे अर्थात 120 मिनट की होगी।

प्रश्ननपत्र हिन्दी माध्यम में होगा।

100 प्रश्न बहुविकल्पीय प्रकार के होंगे तथा प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प होंगे एवं प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का होगा।

प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा।

नकारात्मक मूल्यांकन (NEGATIVE MARKING) होगा।

(9) परीक्षाफल की घोषणा- परीक्षाफल दिनांक 05 अगस्त 2019 को विभागीय वेबसाइट (www.socialwelfareup.upsdc.gov.in) पर प्रदर्शित होना संभावित है।

(10)- प्रवेश परीक्षा मेरिट के आधार पर अनंतिम रुप से चयनित अभ्यर्थी काउंसलिंग हेतु समस्त मूल अभिलेखों, आवेदन पत्र के प्रिन्ट एवं रु0 1000/- कॉशनमनी के साथ संबंधित कोचिंग केन्द्र (जहां के लिये चयन हुआ है) पर उपस्थित होगा। काउंसलिंग में समस्त मूल अभिलेखों की जांच के उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा।

(11) कोचिंग सत्र का प्रारम्भ- अगस्त 2019 के तृतीय सप्ताह से आई0ए0एस0 प्रारम्भिक परीक्षा-2020 एवं पी0सी0एस0 (प्रारम्भिक परीक्षा) 2020 किया जाना प्रस्तावित है।

23-5-2019

संयुक्त निदेशक,

कृते निदेशक,

समाज कल्याण, उ0प्र0।